दिन– बुधवार                                                                 दिनांक– 04/12/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारण:– अपराह्न 03:10 बजे से।                                                  अवधि – 05 मिनट

---

देश में पिछले दस वर्षों में रेल दुर्घटनाओं में कमी आई है। वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस के दौरान कुल चालीस रेल दुर्घटनाएं हुईं। वर्ष दो हजार चौदह–पंद्रह में यह संख्या एक सौ पैंतीस थी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अप्रैल से नवम्बर तक उनतीस रेल दुर्घटनाएं हुई हैं। श्री वैष्णव ने बताया कि सुरक्षा भारतीय रेल की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए कई कदम उठाए गए हैं।

———————————————————

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि हर गरीब व्यक्ति को पक्का घर उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने दो करोड़ पंचानवे लाख मकान बनाने की स्वीकृति दी है। आज नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्षों में दो करोड़ और घर बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के तहत अड़तीस लाख घर आवंटित किए गए हैं। इसके लिए दस हजार छह सौ करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि जारी की गई थी। श्री चौहान ने महिला सशक्तिकरण की चर्चा करते हुए कहा कि आजीविका मिशन से दस करोड़ से अधिक महिलाएं जुड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा कि अब तक एक करोड़ पंद्रह लाख महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं।

———————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि यदि बिहार में महागठबंधन की सरकार बनती है, तो प्रतिमाह दो सौ यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। मुंगेर में कार्यकर्ता संवाद दर्शन कार्यक्रम के दौरान श्री यादव ने दावा किया कि देश में सबसे महंगी बिजली बिहार में मिलती है। उन्होंने कहा कि सत्रह महीने के महागठबंधन सरकार के कार्यकाल में उन्होंने पांच लाख नौकरी देने का वादा किया था, जिसे पूरा किया गया।

———————————————————

शिक्षा विभाग ने शिक्षकों के सेवाकालीन प्रशिक्षण के संबंध में दिशा–निर्देश जारी किया है। दिशा–निर्देश में कहा गया है कि शिक्षकों का प्रशिक्षण उनके वर्तमान पदस्थापना जिला में ही होगा। विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने राज्य शिक्षा, शोध और प्रशिक्षण परिषद को भेजे पत्र में कहा कि सेवाकालीन प्रशिक्षण के लिए शिक्षकों को कम से कम एक सप्ताह पूर्व सूचना दी जाए। साथ ही प्रशिक्षण की अवधि में प्रत्येक दिन तीन बार बायोमीट्रिक उपस्थिति दर्ज करवाई जाए। उपस्थिति के आधार पर ही शिक्षकों को सेवाकालीन प्रशिक्षण पूरा करने से संबंधित प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाएगा।

————————————————————

सीमा सुरक्षा बल और नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा की ओर से ऑल वीमेन रिवर राफ्टिंग अभियान की टीम आज पटना के एनआईटी घाट पहुंची। नगर विकास मंत्री नितिन नवीन ने टीम का स्वागत किया। महिला सशक्तिकरण और स्वच्छ तथा निर्मल गंगा अभियान के संदेश के साथ यह टीम पिछले दिनों उत्तराखंड के गंगोत्री से पश्चिम बंगाल के गंगा सागर के लिए रवाना हुई है। राफ्टिंग टीम में बीएसएफ की बीस महिला जवान शामिल हैं।

————————————————————

पछुआ हवा की रफ्तार कम होने से प्रदेश का औसत अधिकतम और न्यूनतम तापमान अभी भी सामान्य से ऊपर बना हुआ है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले तीन दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में मामूली गिरावट होगी। इस अवधि में अधिकतम तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। वहीं, सुबह के समय राज्य के अधिकांश हिस्सों में हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाया रहेगा। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान दस डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ डेहरी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान पंद्रह दशमलव छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

————————————————————

हरियाणा के पंचकुला में आयोजित राष्ट्रीय सब जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता में बिहार की टीम ने चार पदक प्राप्त किया है। इसमें से तीन खिलाड़ी शेखपुरा के हैं।

————————————————————

शेखपुरा रेलवे स्टेशन परिसर से उत्पाद विभाग की टीम ने एक महिला तस्कर को पैंतीस लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

सारण जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गुरूकुल मेहिया बाईपास पर एक सीएनजी लदे टैंकर से गैस का रिसाव होने से अफरा–तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी। अग्निशमन दस्ते की मदद से आग पर काबू पाया गया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।